आज अग्रवाल महाविद्यालय में दिनांक 30- 4 -2024 को वाणिज्य विभाग द्वारा आईसीएसई ,फरीदाबाद चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में करियर अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वाणिज्य के विद्यार्थियों को कंपनी सचिव जैसे प्रोफेशन में जाने की विधि अनिवार्य योग्यता, एग्जाम तिथियां, फीस, सैलरी इत्यादि विषयों पर जानकारी देना था । इसके अतिरिक्त कंपनी सचिव के कार्य और जिम्मेदारियां और किस कंपनी को इन्हें रखना अनिवार्य होता है , और भारत में कंपनी सचिव भर्ती करने वाली प्रमुख कंपनियां कौन-कौन सी हैं ,भी विद्यार्थियों को बताया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सीएस हितेश गोयल रहे , जो उनका 10 वर्षों से इस प्रोफेशन में है और एक सफल उद्यमी भी है ।उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि वर्ष 2024 के अनुसार आईसीएस आई के लगभग 80 हजार से ऊपर सीएस रजिस्टर्ड है । वर्तमान कंपनी अधिनियम के अनुसार सभी लिस्टेड कंपनियों (पब्लिक और निजी) जिनकी चुकता पूंजी 10 करोड रुपए या अधिक हो कंपनी सचिव की नियुक्ति अनिवार्य है। उन्होंने विद्यार्थियों को विदेश में सीएसके के लिए संभावनाएं भी बताई कि कैसे एक सीएस भारत में सीएस कोर्स के उपरांत यूके ,ऑस्ट्रेलिया ,सिंगापुर, कैनेडा आदि देशों में भी नौकरी प्राप्त कर सकता है। विद्यार्थियों के लिए पूरा सत्र जानकारी से भरा रहा। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा ,कॉलेज प्रबंधन समिति और प्राचार्य डॉ०संजीव कुमार गुप्ता के संरक्षण और दिशा में इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है ताकि विद्यार्थी स्नातक या स्नातक कोर्स के पूरा होने के बाद अपने करियर का चुनाव सही दिशा निर्देश में कर सके। कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभागाध्यक्षा डॉ० शोभना गोयल और विभाग के अन्य प्राध्यापको के द्वारा किया गया। लगभग 88 विद्यार्थी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।